राजस्थान सरकार

न्यायालय तहसीलदार बीदासर

प्रकरण संख्या 59/2018 दायरा दिनांक 24-06-2018

पीठासीन अधिकारी
श्री ओमप्रकाश वर्मा
आरटीएस
तहसीलदार बीदासर

राजस्थान सरकार बनाम पटवारी पटवार मण्डल कातर छोटी
प्रार्थी.................

बनाम

भींवाराम पुत्र तेजाराम आदि जाति कुम्हार नि. कातर छोटी
अप्रार्थी.............

<u>निर्णय</u> दिनांक 30.08.2018

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण का संक्षेप में विवरण इस प्रकार है, पटवारी पटवार मण्डल कातर छोटी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि अप्रार्थीगण भींवाराम, सुरजाराम, अमराराम, आसुराम, मांगीलाल, रूघाराम पुत्रगण तेजाराम जाति कुम्हार नि. कातर छोटी ने रोही ग्राम कातर छोटी के खसरा नं. 70 किस्म गै. मु. गोचर रकबा 15.09 बीघा भूमि में से 0.02 बीघा भूमि पर नाजायज अतिक्मण कर लिया है। अप्रार्थीगण को धारा 91 एल आर एक्ट के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थीगण नीयत तारीख पेशी दिनांक 17.07.2018 को उपस्थित । जवाब प्रस्तुत किया जिसे शामिल पत्रावली किया गया।

प्रत्रावली का अवलोकन करने एवं पटवारी पटवार मण्डल कातर छोटी के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट नकल एक्स, जमाबन्दी व पी 14 से स्पष्ट है कि अप्रार्थीगण भींवाराम, सुरजाराम, अमराराम, आसुराम, मांगीलाल, रूघाराम पुत्रगण तेजाराम जाति कुम्हार नि. कातर छोटी ने रोही ग्राम कातर छोटी के खसरा नं. 70 किस्म गै. मु. गोचर रकबा 15.09 बीघा भुमि में से 0.02 बीघा भूमि पर नाजायज अतिक्मण कर लिया है। नियमानुसार अप्रार्थीगण को अतिक्मी घोषित किया जाता है और भू0अ0 निरीक्षक कातर छोटी को आदेशित किया जाता है कि आप अतिक्रमियों को भौतिक रूप बेदखल करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा पटवारी पटवार हल्का कातर छोटी को आदेशित किया जाता है कि आप अप्रार्थीगण से शरह पड़ता लगान ग्राम कातर छोटी 00.50 रू प्रति बीघा की दर का 50 गुणा राशि अतिक्मित भूमि 0.02 बीघा की राशि 05/— पॉच रूपये वूसल करें तथा तहसील राजस्व लेखाकार मांग कायमी करना सुनशिचित करें।

निर्णय आज दिनांक 30.08.2018 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मोहर से जारी किया गया एवं सरे इजलास सुनाया गया।

(ओमप्रकाश वर्मा)
तहसीलदार
आरटीएस
बीदासर (चूरू)
तहसीलदार बीदासर

तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट न्यायालय बीदासर जिला चूरू (राज.)
सत्यमेव जयते

उपर मांग कायमी रा.ले. ५ की पृ०० दि. 1 ५८९२ ली गई है।